प्रेस विज्ञप्ति

लोक भवन, राँची

दिनांक : 13 मार्च, 2026 :-

(1) माननीय राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, राँची के नवनियुक्त कुलपति श्री राजीव मनोहर ने लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की।

राज्यपाल महोदय ने नव-नियुक्त कुलपति को शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संबंधित विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध एवं नवाचार को अधिकाधिक प्रोत्साहन मिलेगा तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धियाँ प्राप्त होंगी।

माननीय राज्यपाल ने कुलपति से कहा कि वे चाहते हैं कि झारखण्ड राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ऐसा वातावरण बने, जिससे अन्य राज्यों के विद्यार्थी भी यहाँ ज्ञानार्जन के प्रति उत्साहित रहें। उन्होंने कहा कि वे राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा सभी कुलपति टीम भावना के साथ इस दिशा में समर्पित होकर प्रयास करें।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य के माननीय उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री सुदिव्य कुमार ने लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

राज्यपाल महोदय ने राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने, शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाने के संबंध में अपने विचार साझा किए।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य के माननीय विधानसभा सदस्य श्री नवीन जयसवाल ने लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को अपनी सुपुत्री के विवाह समारोह में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया।